Title: Need to accord financial sanction for the extension of Electricity Projects in Maharashtra.

श्री हरीभाऊ शंकर महाले (मालेगांव) : सभापति महोदय, मैं आपके माध्यम से ऊर्जा मंत्री का ध्यान आकर्ति करना चाहता हूं। कृि, उद्योग और अन्य जगहों पर बिजली देने के लिए महाराट्र में एनरॉन बिजली प्रकल्प बना हुआ है। लेकिन पावर कॉरपोरेशन इस प्रकल्प को गैस नहीं देता है, इसलिए आधी बिजली काम में नहीं आती है। उनको गैस देना बहुत जरूरी है। उनको कोयला बहुत ही घटिया क्वालिटी का मिलता है, इसलिए उनको अच्छी क्वालिटी का कोयला मिलना जरूरी है। महाराट्र सरकार ने परली, बैजनाथ, भुसावल, नासिक के बिजली प्रकल्पों को विस्तृत करने के लिए केन्द्र सरकार की मंजूरी के लिए भेजा है। जिनके लिए रुपयों की मंजूरी मिलना जरूरी है। यही मेरी विनती है।